प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 10.04.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का वाराणसी दौरा कल : जनसभा को संबोधित कर 3 हजार 884 करोड़ रुपये से अधिक की विकास योजनाओं की देंगे सौगात।
2. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और केन्द्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना और गेहूं खरीद को लेकर लखनऊ में की समीक्षा बैठक : केन्द्रीय मंत्री ने कहा– सौर ऊर्जा के क्षेत्र में यूपी का प्रदर्शन बेहतरीन।
3. प्रदेश में बारिश और ओलावृष्टि से गेहूं की फसल प्रभावित : कृषि मंत्री सूर्यप्रताप शाही ने कहा– पीएम फसल बीमा योजना से किसानों को दी जायेगी राहत।

और

4. प्रदेशभर में श्रद्धा और उल्लास के साथ आज मनाई जा रही है महावीर जयंती।

————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल एक दिवसीय दौरे पर अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी आएंगे। वह यहां तीन हजार आठ सौ अस्सी करोड़ रूपये से अधिक लागत वाली विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्‌घाटन करेंगे। इनमें वाराणसी रिंग रोड, सारनाथ के बीच एक सड़क पुल, शहर के भिखारीपुर और मंडुआडीह क्रासिंग पर फ्लाई ओवर और

वाराणसी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर नौ सौ अस्सी करोड़ रूपये से अधिक लागत की एक राजमार्ग अंडरपास सड़क सुरंग आदि का शिलान्यास एंव लोकार्पण कार्य शामिल हैं। प्रधानमंत्री जनसभा को भी संबोधित करेंगे। उनके आगमन को लेकर तैयारी जोरो से चल रही है। पेश है एक रिपोर्ट...

*प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 11 अप्रैल को अपने 50वें काशी दौरे पर वाराणसी आएंगे। इस अवसर पर वह सेवापुरी विधानसभा क्षेत्र के मेहंदीगंज में एक विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे। जनसभा में ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी काशी और उसके आसपास के जनपद को अरबो रुपए कीयजनाओं की सौगात देंगे हवाई अड्डे पर प्रधानमंत्री की अगवानी मुख्यमंत्री योगीआदत्यनाथ के साथ प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेशपठक और नगर मंत्रीएके शर्मा करेंगे। भारतीय जनता पार्टी ने भी प्रधानमंत्री के स्वागत के लिए पार्टी के झंडों से पूरे शहर को पाठ दिया है प्रदेश की सरकार के 8 साल पूरे होने के पश्चात प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी में प्रथम बार आगमन हो रहा है ऐसे में प्रदेश सरकार ने भी प्रधानमंत्री की अगवानी के लिए विशेष तैयारी की है। आकाशवाणी समाचार के लिए वाराणसी से मनीष सिंह ।*

———————

केंद्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्री प्रह्लाद जोशी ने गेहूं खरीद और पीएम सूर्यघर सहित विभिन्न योजनाओं में उत्तर प्रदेश के प्रदर्शन की सराहना की। केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लखनऊ में पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना, पीएम कुसुम योजना और रबी विपणन वर्ष 2025–26 के लिए गेहूं खरीद पर चर्चा के लिए एक संयुक्त समीक्षा बैठक की। उन्होंने कहा कि बढ़ती ऊर्जा की मांग

को पूरा करने के लिए उत्तर प्रदेश सही दिशा में आगे बढ़ रहा है। उन्होंने लखनऊ स्थित बख्शी तालाब क्षेत्र में पीएम कुसुम योजना के तहत निजी ऑन–ग्रिड पम्प के सोलराइजेशन का स्थलीय निरीक्षण भी किया। बाइट.....

*पीएम सूर्यघर और गेहूँ का जो प्रोक्योरमेंट है उसके बारे में हमारा डिटेल मीटिंग हुआ है हमने इससे पहले भी माननीय मुख्यमंत्री से बातचीत हुआ था और ए.के शर्मा जी से भी मेरा बातचीत हुआ था रिकॉर्डिंग हमारा पीएम सूर्यघर ओवरऑल रिन्यूएबल एनर्जी के बारे में तो मुख्यमंत्री जी ने हमको आश्वस्त किया है की अभी तो अच्छे ही चल रहा है उसके साथ ही साथ जो टारगेट है वो टारगेट हम सबसे आगे रहेंगे ऐसे उन्होंने आश्वस्त किया है।*

बैठक के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने केन्द्रीय मंत्री को भरोसा दिलाया कि उत्तर प्रदेश सौर ऊर्जा और गेहूं क्रय में अपना बेहतरीन परिणाम देने का प्रयास करेगा।

केन्द्रीय मंत्री के साथ स्थलीय निरीक्षण के दौरान ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा भी मौजूद रहे। ऊर्जा मंत्री ने कहा कि पीएम कुसुम योजना के अन्तर्गत लाभार्थी को 90 प्रतिशत तक की सब्सिडी प्रदान की जा रही है। बाइट...

*नवीन ऊर्जा के क्षेत्र में बहुत तेजी से काम हो रहा है। वर्तमान में हम जो प्रोजेक्ट देखने में मंत्री जी आए हैं। वो पीएम कुसुम योजना नाम की एक योजना है और उसके भी दो भाग हैं। एक सी–1 बोलते हैं, एक सी2 बोलते हैं। तो ये वर्तमान में हम लोग सी–1 योजना के क्रियान्वयन के दृष्टि से हैं खड़े हैं। जिसमें 90 प्रतिशत किसानों को सब्सिडी देती है। जो बिजली पर आधारित पंप थे, टूवबेल सिचई के थे, उनको सोलर पर आधारित पर शिफ्ट करने के लिए, 90: हम सामान्य किसान को और 100 प्रतिशत मुसहर, वनटांगिया जैसे लोगों को हम देते हैं।*

वहीं पीएम सूर्य घर योजना के लाभार्थी बख्शी का तालाब स्थित दुग्गौर गांव के रहने वाले मोहम्मद अहसान ने बताया कि इस योजना से उन्हें अब 24 घंटे बिजली मिल रही है। बाइट....

*इसके फायदे है कि हमको 24 घंटे बिजली उपलब्ध है। प्लस हम पावर कार्पोरेशन को भी देते रहते हैं। जितनी एकसेस बिजली होती है नेट मीटिंग के लिए कॉर्पोरेशन को चली जाती है। (0रू10) और भी हर वक्त जब बानी चलाना हो बिजली नहीं आ रही है तब भी बानी चल जाता है। (0.16) और भी हमने लोगों को, अपने दोस्तों को सबको लंगा रखा है। (0.19) कई लोगों को देख नहीं बिखा के लोगों ने भी लंगा जाया है।*

———————

सर्वोच्च न्यायालय वक्फ संशोधन अधिनियम, 2025 की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर 16 अप्रैल को सुनवाई करेगा। मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति संजय कुमार तथा न्यायमूर्ति के.वी. विश्वनाथन की पीठ इस मामले की सुनवाई करेगी।

केंद्र सरकार ने कल इस संबंध में सर्वोच्च न्यायालय में कैविएट दाखिल किया। कैविएट आवेदन वादी यह सुनिश्चित करने के लिए दाखिल करता है कि बिना उसका पक्ष सुने उसके खिलाफ कोई प्रतिकूल आदेश पारित न किया जाए।

———————

## ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

———————————

प्रदेश के अधिकांश जनपदों में आज आंधी के साथ बारिश होने से मौसम बदल गया है। लखनऊ, कानपुर, सीतापुर, हरदोई, हमीरपुर, रायबरेली, कौशाम्बी, चंदौली, फतेहपुर, बलिया सहित विभिन्न जनपदों में तेज हवाओं के साथ मूसलाधार बारिश होने से तापमान में गिरावट दर्ज की गई, जिससे लोगों को पिछले कई दिनों से पड़ रही भीषण गर्मी से राहत मिली है। वहीं खेतों में गेहूं की खड़ी फसल प्रभावित होने से किसानों की चिंता बढ़ गई है। कई स्थानों पर ओलावृष्टि और आकाशीय बिजली गिरने से हादसों की भी खबर मिली है। आकाशीय बिजलो की चपेट में आने से फतहपुर में दो बच्चों और सीतापुर में एक व्यक्ति की मौत हो गई।

लखनऊ के आंचलिक मौसम विज्ञान केन्द्र वैज्ञानिक मोहम्मद दानिश ने बताया कि पश्चिमी विक्षोभ के कारण मौसम में परिवर्तन हुआ है। बाइट.....

*उत्तर प्रदेश मौसम की बात करें तो एक पश्चिमी विश्व राजस्थान के पर सकडी था, एक सैकल नीक सर्कुलेशन प्रदेश के अधिकांश इस्वां में तेज*

*हवाएं चली, कुछ जगह वाला मिस्टी भी हुई, तो ये सिस्टम आज एक्टिवेट था, पश्चिमी विश्व का दौर आज और कल दोनों दिन बना रहेगा, आज, कल, परसों  तराई बेल के सेंटर पार्ट के गरज चमक के साथ हल्की बूंदाबांदी, की एक्टिविटी कल, परसों भी हो सकती है*

———————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में आंधी, बारिश, ओलावृष्टि के मद्देनजर संबंधित जनपदों के अधिकारियों को पूरी तत्परता से राहत कार्य संचालित  करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि आपदा से जनहानि और पशुहानि होने की स्थिति में तत्काल प्रभावितों को राहत राशि का वितरण किया जाये। साथ ही सभी सरकारी गेहूं खरीद केंद्रों पर गेहूं के सुरक्षित भंडारण का पूरा ध्यान रखा जाए।

इस बीच प्रदेश में कई जनपदों में हुई बारिश से फसलों के हुए नुकसान पर कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कहा कि आंधी तूफान के कारण फसलों को जो भी नुकसान हुआ है उसकी भरपाई प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अन्तर्गत की जायेगी।

———————

प्रदेश भर में आज महावीर जयंती धूमधाम से मनाई जा रही है। इस मौके पर अमरोहा जिले में जैन मंदिर बड़ा बाजार से भगवान महावीर रथ और कलश यात्रा निकाली गई। इस दौरान 1008 कलशों से भगवान महावीर का जलाभिषेक किया गया। कन्नौज में महावीर जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश के समाज कल्याण मंत्री असीम

अरूण शामिल हुए। अलीगढ़ में मंगलायतन विश्वविद्यालय में स्थित दिगंबर जैन मंदिर में भगवान महावीर स्वामी का अभिषेक एवं पूजन विधि विधान के साथ संपन्न हुआ।

————

भारतीय जनता पार्टी ने स्थापना दिवस कार्यक्रम के तहत गांव चलो गली चलो अभियान आज से शुरू किया है, जो 13 अप्रैल तक चलेगा। भाजपा के प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल ने आज गांव चलो अभियान के तहत बाराबंकी जनपद की सदर विधानसभा, देवा मंडल के पीड़ गांवके मंदिर परिसर के सफाई कार्यक्रम में भाग लेकर गांव चलो अभियान का शुभारम्भ किया।

————

थाईलैंड में 7 से 12 अप्रैल तक आयोजित प्रथम थाईलैंड किक बॉक्सिंग वर्ल्ड कप प्रतियोगिता में वाराणसी की पूजा पटेल ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 50 किलोग्राम भारवर्ग के फाइनल मं रजत पदक प्राप्त किया।

(समाप्त)